**भारत सरकार**

**कारपोरेट कार्य मंत्रालय**

**लोकसभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या. 1001**

**(जिसका उत्तर सोमवार, 02 दिसंबर, 2024/11 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया गया)**

**छत्तीसगढ़ में पीएमआईएस के अंतर्गत प्राप्त आवेदन**

**1001. श्री चिन्तामणि महाराज:**

क्या **कारपोरेट कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना पीएमआईएस के अंतर्गत किन-किन कंपनियों ने इंटर्न से आवेदन आमंत्रित किया है और सरगुजा डिवीजन सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) छत्तीसगढ़ में उक्त योजना के अंतर्गत कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं और सरगुजा डिवीजन सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त कंपनियों का विचार दूर-दराज के स्थानों से आने वाले इंटर्न को आवास और भोजन उपलब्ध कराने का है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।**

**(श्री हर्ष मल्होत्रा)**

(क) और (ख): बजट 2024-25 में घोषित प्रधान मंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) का उद्देश्य पांच वर्षों में शीर्ष 500 कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। इस योजना की शुरुआत के रूप में, कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने 3 अक्टूबर, 2024 को योजना का एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है, जिसका लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1.25 लाख इंटर्नशिप अवसर प्रदान करना है।

योजना के पायलट प्रोजेक्ट में, छत्तीसगढ़ राज्य में 47 कंपनियों द्वारा कुल 3,326 इंटर्नशिप अवसर पोस्ट किए गए हैं। इन कंपनियों की सूची अनुलग्नक-1 में संलग्न है। योजना के तहत सरगुजा जिले सहित छत्तीसगढ़ में कुल 12,789 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आज की तारीख में, कंपनियों द्वारा चयन प्रक्रिया जारी है।

(ग) और (घ): इस योजना के अंतर्गत, सरकार द्वारा इंटर्न को आकस्मिक राशि के लिए 6,000/- रुपये का एकमुश्त अनुदान संवितरित किया जाना है। इसके अतिरिक्त, इंटर्न को मासिक सहायता का भुगतान किया जाना है, जिसमें सरकार द्वारा 4,500/- रुपये प्रति माह और कंपनी द्वारा 500/- रुपये प्रति माह सीएसआर निधियों से प्रदान किए जाएंगे। योजना के अंतर्गत इंटर्न के प्रशिक्षण से संबंधित व्यय कंपनी द्वारा मौजूदा नियमों के अनुसार अपनी सीएसआर निधियों से वहन किया जाएगा। जैसा कि कंपनी (सीएसआर नीति) नियम, 2014 के तहत कवर किया गया है, इस योजना के तहत किए गए सीएसआर व्यय का 5% तक कंपनी द्वारा प्रशासनिक लागत के रूप में बुक किया जा सकता है।

*****

**लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1001 का अनुलग्नक-I**

| क्र.सं. | कंपनी का नाम | इंटर्नशिप अवसरों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | एसीसी लिमिटेड | 6 |
| 2. | अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड | 13 |
| 3. | अडानी पावर लिमिटेड | 39 |
| 4. | अम्बुजा सीमेंट्स लिमिटेड | 136 |
| 5. | बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड | 1 |
| 6. | बजाज फाइनेंस लिमिटेड | 20 |
| 7. | बाटा इंडिया लिमिटेड | 2 |
| 8. | बर्गर पेंट्स इंडिया लिमिटेड | 4 |
| 9. | भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड | 7 |
| 10. | डीबी पावर लिमिटेड | 10 |
| 11. | डीसीएम श्रीराम लिमिटेड | 2 |
| 12. | ईसीजीसी लिमिटेड | 1 |
| 13. | गोदावरी पावर एंड इस्पात लिमिटेड | 150 |
| 14. | एचडीएफसी बैंक लिमिटेड | 15 |
| 15. | हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड | 15 |
| 16. | होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | 1 |
| 17. | आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड | 15 |
| 18. | इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड | 39 |
| 19. | इंडसइंड बैंक लिमिटेड | 22 |
| 20. | इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड | 3 |
| 21. | जेसीबी इंडिया लिमिटेड | 1 |
| 22. | जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड | 620 |
| 23. | जुबिलेंट फूडवर्क्स लिमिटेड | 91 |
| 24. | कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड | 20 |
| 25. | मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड | 409 |
| 26. | मुथूट फाइनेंस लिमिटेड | 3 |
| 27. | नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड | 30 |
| 28. | एनएमडीसी लिमिटेड | 400 |
| 29. | एनटीपीसी लिमिटेड | 381 |
| 30. | एनटीपीसी-सेल पावर कंपनी लिमिटेड | 100 |
| 31. | पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड | 1 |
| 32. | पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड | 135 |
| 33. | आरईसी लिमिटेड | 100 |
| 34. | रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड | 41 |
| 35. | राइट्स लिमिटेड | 34 |
| 36. | एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड | 1 |
| 37. | श्री सीमेंट लिमिटेड | 5 |
| 38. | श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड | 14 |
| 39. | श्रीराम जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड | 5 |
| 40. | साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड | 175 |
| 41. | स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड | 164 |
| 42. | टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड | 1 |
| 43. | टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड | 12 |
| 44. | द न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड | 5 |
| 45. | यूनाइटेड ब्रुअरीज लिमिटेड | 1 |
| 46. | वेदांता लिमिटेड | 75 |
| 47. | व्हर्लपूल ऑफ इंडिया लिमिटेड | 1 |
| | **कुल योग** | **3326** |